# ओम् शान्ति

## नववर्ष 2015 की मुबारक हो, मुबारक हो, मुबारक हो।

आओ हम नववर्ष 2015 में कुछ विशेष पुरुषार्थ कर गुजरने के लिए नये संकल्प, नये बोल, नई सोच, नये कर्म, नया स्वभाव, नया संस्कार, नया उमंग, नया उत्साह, नई मंजिलें, नई राहें, नई स्मृतियां, नया पुरुषार्थ, नई योग की युक्तियां, नया मनन-चिन्तन, नई दृष्टि, नई वृत्ति, नई अनुभूतियां, नये अनुभव, नई पढ़ाई, नई नॉलेज, नई उड़ान, नई चाल-चलन के साथ नई दुनिया की स्थापना में परमप्यारे बापदादा की आशाओं को पूर्ण करने के लिए नए सिरे से तपस्वी कुमार-कुमारी बन अनेक आत्माओं में तीव्र पुरुषार्थ की अलख जगाएं। अपनी श्रेष्ठ चलन और चेहरे से, सौम्य व्यवहारिकता से, निर्मल वाणी से, अलौकिक दृष्टि से, श्रेष्ठ कर्मों से, मधुर मुस्कान से अनेक आत्माओं को परमपिता शिव परमात्मा का संदेश देकर उन्हें वर्से के अधिकारी बनाएं।